Ans. (c) : राजस्थान को उसकी खनिज सम्पन्नता के कारण 'खनिजों का अजायबघर' कहा जाता है। आनंदपुर भूकिया और तिमारन माता खनन क्षेत्र राज्य के बांसवाड़ा जिले में स्थित है, जो स्वर्ण निक्षेपों हेतु प्रसिद्ध है। बांसवाड़ा में ही सोने के अन्य निक्षेप स्थल डगोचा, संजेला, मानपुर आदि स्थित है।

1034. राजस्थान में बेरिलियम के प्रमुख उत्पादक जिले हैं-

(a) जोधपुर औन नागौर (b) जयपुर और उदयपुर
(c) दौसा और सवाई माधोपुर (d) बारां और करौली

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (b) : राजस्थान में बेरिलियम के प्रमुख उत्पादक जिले जयपुर और उदयपुर है।

1035. डेगाना खानें राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) डूंगरपुर (b) नागौर
(c) उदयपुर (d) राजसमंद

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019
RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : डेगाना क्षेत्र राजस्थान में टंगस्टन के लिए जाना जाता है। यह नागौर (राजस्थान) जनपद में स्थित है। डेगाना की टंगस्टन की खदान देश की सबसे बड़ी खदान है।

1036. राजस्थान के किस जिले में गिलूण्ड पुरातत्व उत्खनन स्थल स्थित है?

(a) भीलवाड़ा (b) राजसमंद
(c) पाली (d) उदयपुर

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : गिलुंड पुरातात्विक सथल राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित है। यह स्थल 'अहाड़-बनाम ताम्रपाषाण संस्कृति' का भाग है। यहाँ 1956-60 ई. में बी.बी. लाल के नेतृत्व में उत्खनन किया गया। यह स्थल बनास नदी के तट पर अवस्थित है। 2000 ई.पू. पुरानी ताम्रयुगनी सभ्यता के अवशेष मिले हैं। दीवारों के मध्य में अनाज भरने की कोठी, हाथी दांत की चूड़ियां, पत्थर की गोलियां एवं चूल्हे के अवशेष मिले हैं।

1037. राजसथान में झुंझुनूं जिले में खेतड़ी तहसील के किस गांव से अयस्क से लोहा बनाने की भट्टियों के अवशेष मिले हैं?

(a) सुनारी (b) नगरी
(c) बरोर (d) बागोर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (a) : राजस्थान में झुंझुनू जिले में खेतड़ी तहसील के सुनारी गॉव में अयस्क से लोहा बनाने की भट्टियाँ है। सुनारी सभ्यता काँतली नदी तट पर अवस्थित है। यहाँ के निवासी भोजन में चावल का प्रयोग करते थे तथा रथ को घोड़ो से खीचते थे।

1038. झामर कोटड़ा खानें––––––के लिए जानी जाती हैं।

(a) रॉक फास्फट (b) जिप्सम
(c) बॉक्साइट (d) अभ्रक

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (a) : झामर कोटड़ा खाने रॉक फास्फेट के लिये जानी जाती है। झामर कोटड़ा राजस्थान के दक्षिणी भाग में अरावली पर्वतमाला में स्थित है जो कि उदयपुर जिले का भाग है। राजस्थान में कुल 98.64 मिलियन टन रॉक फॉस्फेट संसाधनों का अनुमान लगाया गया है।

1039. जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया व माइंस एवं जियोलॉजी विभाग के खनिज खोज कार्य की आरंभिक रिपोर्ट के अनुसार राज्य के बांसवाड़ा व राजसमंद में------ के विशाल भण्डार मिले हैं।

(a) पोटाश (b) मैंगनीज़
(c) ताँबा (d) जिप्सम

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (b) : जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया व माइंस एवं जियोलॉजी विभाग के खनिज खोज कार्य की आरम्भिक रिपोर्ट के अनुसार राज्य के बाँसवाड़ा व राजसमंद में मैंगनीज के विशाल भण्डार मिले हैं। राजस्थान सीसा और जस्ता अयस्कों, सेलेनाइट और वोलास्टोनाइट का एक मात्र उत्पादक है। राजस्थान में कुल 5.78 मिलियन टन मैंगनीज संसाधनों का अनुभाग है।

1040. राजस्थान के किस जिले में यूरेनियम प्रोजेक्ट स्थापित किया जाएगा?

(a) पाली (b) सीकर
(c) जैसलमेर (d) जालौर

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (b) : राजस्थान के सीकर जिले के रोहिल (खंडेला तहसील) में यूरेनियम के विशाल भंडार पाए गए हैं। जिसके परिणामस्वरूप सीकर जनपद में यूरेनियम प्रोजेक्ट स्थापित किया जाएगा।

1041. राजस्थान निम्न में से किस खनिज का एकमात्र उत्पादक है?

(a) सीसा एवं अभ्रक अयस्क (b) ताँबा अयस्क
(c) वोलैस्टोनाइट (d) सेलेनाइट

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : राजस्थान राज्य वोलैस्टोनाइट खनिज का भारत का एक मात्र उत्पादक राज्य है। इस खनिज का उपयोग कागज, पेंट, व सिरेमिक उद्योग में किया जाता है। सिरोही, उदयपुर, अजमेर, पाली जिलों में वोलैस्टोनाइट खनिज का उत्पादन किया जाता है।

1042. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) तांबा – सिधाना
(b) अभ्रक – जामसर
(c) सीसा एवं जस्ता – राजपुरा-दरीबा
(d) टंगस्टन – डेगाना

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (b) : राजस्थान राज्य खनिज की दृष्टि से एक संपन्न राज्य है। राजस्थान को खनिजों का 'अजायबघर' कहा जाता है। राजस्थान में लगभग 67 (44 प्रधान + 23 लघु) खनिजों का खनन होता है।

खनिज	**– खनन क्षेत्र**
तांबा	– खेतड़ी-सिंधाना (झुंझनू), देलवाड़ा (सिरोही), खो दरीबा (अलवर)
अभ्रक	– दांता, टूंका, फूलिया, शाहपुरा, प्रतापपुरा (भीलवाड़ा)
सीसा एवं जस्ता	– जावर (उदयपुर), राजपुरा-दरीबा (राजसमंद)
टंगस्टन	– डेगाना (नागौर), बाल्दा, आबूरोड (सिरोही)

1043. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सुमेलित नहीं है?

खनिज **खनन क्षेत्र**

(a) ताँबा – खेतड़ी
(b) लौह अयस्क – मोरीजा बानोल